तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025



12 अतिरिक्त विषय का विकल्प समाप्त, गणित और ...






12 रिनल ट्रांसप्लांट के पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, सीबीसीटी ...




# हाईप्रोफाइल हुआ निगम नेता प्रतिपक्ष विवाद, संदीप सहित 5 कांग्रेसी पार्षद पुरी में, कल देंगे अभिमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

*नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर मचे घमासान के बीच वीर सावरकर नगर वार्ड पार्षद संदीप साहू सहित 5 कांग्रेसी पार्षद पुरी पहुंचे हैं। वे भगवान जगन्नाथ का दर्शन कर 23 तारीख को राजधानी लौटकर महात्मा गांधी सदन में निगम सभापति सूर्यकांत राठौर के समक्ष नेता प्रतिपक्ष को लेकर अपना अभिमत देंगे। नेता प्रतिपक्ष के मसले को सुलझाने नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने 23 सितंबर को कांग्रेस पार्षद दल की बैठक बुलाई है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष को लेकर अभिमत मांगा जायेगा। इससे पूर्व बैठक 18 सितंबर को गांधी सदन में रखी गयी थी, पर कांग्रेस के 3 पार्षद शहर से बाहर थे, इसलिए बैठक में नहीं आये। अब सोमवार को बैठक रखी गई है।*

*दरअसल, नगर निगम में 6 माह बीतने के बाद भी नेता प्रतिपक्ष का मामला सुलझ नहीं पाया है। मार्च में नगर निगम की पहली सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। इसमें संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष के रूप में कांग्रेस पार्षद दल ने चुना था। उस समय कांग्रेस में 7 पार्षद थे। इस दौरान निर्दलीय चुनाव जीतकर पार्षद बने आकाश तिवारी को कांग्रेस के शीर्ष संगठन ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करा दिया, लेकिन इससे पहले शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के लिए संदीप साहू का नाम गया था, इसलिए निगम प्रशासन मार्च से अब तक उन्हें नेता प्रतिपक्ष मानते हुए उन्हें मंच दे रहा है। यही नहीं, हाल में लोकसभा सांसद और विधायकों के साथ समीक्षा बैठक में संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष के रूप में बैठक में आमंत्रित किया गया। महात्मा गांधी सदन में नेता प्रतिपक्ष के नाम कक्ष का बाकायदा आवंटन किया गया है, जिसमें श्री साहू के नाम की पट्टिका निगम ने लगवाई है। वन नेशन वन इलेक्शन वाले नगर निगम की विशेष सामान्य सभा में संदीप साहू नेता प्रतिपक्ष के रूप में सदन में शामिल हुए और बड़ी बेबाकी से अपनी बात सदन पटल पर रखी। वे दूसरी बार वीर सावकर वार्ड से कांग्रेस के टिकट पर निगम चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं। बदलते घटनाक्रम के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में आकाश तिवारी के नाम की घोषणा की। इससे नाराज होकर कांग्रेस के 5 पार्षदों ने अपना इस्तीफा दे दिया। हालांकि बाद में पार्टी नेताओं की समझाइश के बाद उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया, पर इसकी सूचना अब तक निगम सभापति को नहीं दी गई। अब जिला कांग्रेस कमेटी ने आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाने सभापति को पत्र लिखा है। ऐसे में अब सभापति सूर्यकांत राठौर के समक्ष कांग्रेसी पार्षद अपना अभिमत देंगे, निगम का नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू हो या आकाश तिवारी?*

## सभापति सूर्यकांत राठौर ने 23 को बुलाई कांग्रेस पार्षद दल की बैठक

**खास बातें**

- कांग्रेस के टिकट पर निगम चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं संदीप
- निर्दलीय चुनाव जीतकर पार्षद बने आकाश तिवारी को कांग्रेस के शीर्ष संगठन ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करा दिया




## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड में छापे की कार्रवाई, निरंजन दास से मिले इनपुट के आधार पर छापे की कार्रवाई


# शराब और कोल घोटाले में ईओडब्लू की तीन राज्यों के दस ठिकानों पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब तथा कोल घोटाले को लेकर ईओडब्लू की टीम रविवार को रायपुर, जांजगीर-चांपा के साथ बिहार तथा झारखंड के 10 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। ईओडब्लू ने छापे की कार्रवाई में महत्वपूर्ण डिजिटल के साथ दस्तावेजी साक्ष्य जब्त करने का दावा किया है। शराब घोटाला में ईओडब्लू की टीम ने छत्तीसगढ़ में तीन, बिहार तथा झारखंड में चार ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है।

ईओडब्लू की टीम रायपुर, शिव विहार कालोनी स्थित शराब कारोबारी के निवास तथा ऑफिस में छापे की कार्रवाई करने पहुंची। शराब घोटाला में अवधेश की भूमिका के बारे में जांच एजेंसी ने अब तक किसी तरह से कोई जानकारी नहीं दी है। बताया जा रहा है, पिछले दिनों तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास से पूछताछ के आधार पर ईओडब्लू ने अवधेश को गिरफ्तार किया है। निरंजन दास की सलाह पर झारखंड में शराब पॉलिसी में बदलाव किया गया था। इस वजह से झारखंड तथा बिहार में ईओडब्लू के अफसर छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। छापे की कार्रवाई में ईओडब्लू ने घोटाले से जुड़े दस्तावेजों के साथ संपत्ति के कागजात और कैश जब्त किया है।

**जांजगीर-चांपा जिले में एक कोल कारोबारी के ठिकानों पर भी छापे की कार्रवाई**



### सौम्या के करीबी के ठिकानों पर छापा

कोल घोटाला को लेकर ईओडब्लू की टीम निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया के करीबी कोल कारोबारी जयचंद कोशले के अकलतरा स्थित निवास तथा उसके दो अन्य ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। ईओडब्लू के दावों के मुताबिक जयचंद सौम्या चौरसिया का प्रमुख सहयोगी रहा है।

### 50 करोड़ रुपए ठिकाने लगाने का आरोप

आरोप है कि जयचंद ने कोल घोटाले की 50 करोड़ रुपए की रकम को ठिकाने लगाने का काम किया है। इस वजह से ईओडब्लू की टीम जयचंद के यहां छापे की कार्रवाई करने पहुंची। जयचंद के निवास से ईओडब्लू ने प्रकरण से सबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण, संपत्ति संबंधी दस्तावेज जप्त किये हैं। जप्त सामग्री का विश्लेषण किया जा रहा है। जयचंद के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने ईओडब्लू की 12 सदस्यी टीम एक दिन पूर्व जांजगीर पहुंच गई थी।

# मैसेज के माध्यम से सूरत पहुंचाए जाने थे 6.60 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग, कुम्हारी मार्ग पर जब्त 6.60 करोड़ रुपए हवाला का होने की दुर्ग पुलिस ने पुष्टि कर दी है। साथ ही दुर्ग से रकम मिलने की सूचना मिलने पर आयकर विभाग ने भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रकम के साथ जिन चार लोगों को पकड़ा था, वे तीनो रकम ले जाने वाले ड्राइवर हैं। पूछताछ में ड्राइवरों ने पुलिस को बताया है कि उन्हें अलग-अलग स्थानों से मैसेज के माध्यम से रायपुर जाने के लिए कहा गया। रायपुर पहुंचने के बाद उन्हें कार उठाने मोबाइल से लोकेशन भेजा गया। लोकेशन तथा कार नंबर मिलने के बाद संबंधित कार के साथ आए लोगों ने उन्हें कार की चाबी सौंपी।

- कैश बरामदगी की जांच आयकर विभाग करेगा

ड्राइवरों के अनुसार उनके पास अलग-अलग नंबरों से मैसेज आ रहे थे। कार की चाबी मिलने के बाद अज्ञात मोबाइल नंबर से उनके पास कार कहां ले जाना है, इसका मैसेज आया। कार चालक किसी तरह से गड़बड़ी न कर पाए, इसके लिए ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सूरत में छोड़नी थी रकम

पूछताछ में कार ड्राइवरों ने पुलिस को बताया है कि उन्हें कार सहित रकम गुजरात सूरत में छोड़ने के निर्देश मिले थे। सूरत में रकम कहां छोड़नी है, इस बारे में सूरत पहुंचने के बाद उन्हें मैसेज के माध्यम से मिलता। जिन नंबरों से कार ड्राइवरों के पास मैसेज आया था, पुलिस उन नंबरों की जांच करने की बात कह रही है। पुलिस के अनुसार हवाला की रकम कई चैनलों के माध्यम से ड्राइवरों तक पहुंची थी, जिसे लेकर वे गुजरात जा रहे थे। कार मुंबई के किसी कल्पेश कुमार के नाम से रजिस्टर होने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने कल्पेश कुमार की पहचान कर उससे पूछताछ करने की बात कही है।

संवेदनशील इलाके में लावारिश हालत में बैग मिलने से मची सनसनी

# एयरपोर्ट मार्ग पर मिले दो दर्जन कटे हुए ट्रॉली बैग, शरारत या साजिश!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक्सप्रेस वे से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट मार्ग पर लावारिश हालत में दो दर्जन से ज्यादा कटे हुए ट्रॉली बैग मिलने से हड़कंप मच गया है। लावारिश हालत में बैग मिलने की घटना को माना पुलिस किसी गंभीर अपराधिक षड़यंत्र मानकर जांच कर रही है। शुरुआती जांच में अब तक पुलिस को किसी प्रकार की सफलता नहीं मिली है। जांच करने डॉग स्कवाड के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन उन्हें भी जांच में किसी प्रकार से सफलता नहीं मिली है। तालाब किनारे जो बैग मिले हैं, वह नए हैं। बैग को ब्लेड से काटा गया है। इस वजह से बैग को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही हैं।

- डॉग सक्वाड के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को नहीं मिली सफलता

बैग को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी कि बैग का इस्तेमाल गांजा या किसी प्रकार के नशीली पदार्थ ले जाने के लिए किया गया हो सकता है। फोरेंसिक जांच में बैग में किसी प्रकार के मादक पदार्थ भरे जाने की पुष्टि नहीं हुई है। ▶▶| शेष पेज 12 पर



### आसपास के कैमरे खराब

जिस जगह पर बैग मिला है, उसके आसपास के सीसीटीवी कैमरे खराब हैं। फुंडहर चैक के पास भी आईटीएमएस का कैमरा नहीं लगा है। इस वजह से पुलिस को पड़ताल करने में परेशानी हो रही है। बैग मिलने की घटना सुलझाने पुलिस मैन्यूअल तरीके से जांच कर रही है। बैग के बारे में जानकारी जुटाने पुलिस मुखबिरों की मदद ले रही है।

### पांच सौ मीटर के बाद लौटा डॉग

बैंग की जांच करने पहुंचा डॉग बैग को सूंघने के बाद पांच सौ मीटर की दूरी तक गया, उसके बाद लौट आया। मौके पर पुलिस को बैंग के अलावा और कुछ नहीं मिला है। पुलिस इस बात की पतासाजी कर रही है कि आखिर किसी ने नए बैग को फाड़कर लावरिश हालत में क्यों फेंका। बैग में किसी भी प्रकार का ब्लड भी नहीं मिला है।

## खबर संक्षेप

### आईडी प्रूफ का गलत इस्तेमाल, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। गंज थाने की पुलिस ने एक युवक को दूसरे की आईडी प्रूफ का गलत इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने कोतवाली निवासी संभव जैन को गिरफ्तार किया है। युवती ने 20 सितंबर को थाने में दर्ज कराई थी कि वह जिस होटल में रुकी थी। वहां से कोई उसके आधारकार्ड की कॉपी हासिल कर उसका गलत इस्तेमाल कर रहा है।

मंदिर हसौद के होटल में लेकर पहुंचे दूसरे राज्य की विस्की

# कपल्स का होटल में उत्पात, दूसरे राज्य की शराब लेकर आए, पुलिस ने एफआईआर की, आबकारी खामोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के निजी होटल में दो कपल्स ने जमकर उत्पात मचाया है। कपल्स होटल के भीतर अन्य राज्यों की शराब और बियर की पेटी लेकर पहुंचे थे। जब होटल के मैनेजर और सिक्योरिटी इंचार्ज ने उन्हें नियम का हवाला दिया, तो दोनों कपल्स ने हुज्जत बाजी और गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद होटल प्रबंधन ने मामले की शिकायत तेलीबांधा पुलिस और आबकारी विभाग से की। पुलिस ने मामले में खानापूर्ति करते हुए केस दर्ज कर लिया, तो दूसरी और आबकारी विभाग ने इस मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की।



पुलिस सूत्रों के अनुसार भिलाई निवासी मनवीर सिंह गुरप्रीत सिंह, माहिन हीरा ▶▶| शेष पेज 12 पर

### युवती ने ऑनलाइन बुक कराया था कमरा

सूत्रों के मुताबिक युवती माहिन हीरा ने 16 सितंबर को 17 और 18 सितंबर के लिए ऑनलाइन दो कमरा बुक कराया था। होटल की तरफ से कमरा नंबर 308 और 309 उन्हें दिया गया था। युवती ने कमरे बुक करते समय कपल्स के होने की जानकारी नहीं दी थी। उसने पहला कमरा अपने और आकांक्षा के लिए तथा दूसरा कमरा मनवीर और गुरप्रीत के लिए बुक कराया था। चेक इन करते समय वे कपल्स के हिसाब से कमरे में चले गए थे।

### ... इसलिए कार्रवाई नहीं

*आबकारी अमले के पहुंचने से पहले पुलिस ने अपने कब्जे में शराब और आरोपियों को ले लिया था, इसलिए हमारी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए शराब और आरोपियों का होना जरूरी है।*

*- राजेश शर्मा, उपायुक्त, आबकारी विभाग*

### निर्धारित मात्रा से अधिक नहीं है शराब

*मामले में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गालीगलौज और शांति भंग करने की धाराओं में उनकी गिरफ्तारी की गई है। आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज करने के लिए निर्धारित मात्रा से अधिक का शराब होना जरूरी है।*

*आशीष यादव, थाना प्रभारी, मंदिर हसौद थाना*





TATA MOTORS
Authorised Service Station
नवरात्रि की हार्दिक शुभकानाएं...
कीर्ति ऑटोमोबाइल्स
KIRTI AUTOMOBILES
गजानंद जी अग्रवाल | सुनील कुमार अग्रवाल | यशराज अग्रवाल
S.H-20, Simga Kharora Main Road, Village Bartori, Tilda
kirtiautomobiles.tld@gmail.com 8818871188, 8818860188


महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकानाएं...
अब ना रुकों, खुशियाँ बटोर लो
अग्रवाल आभूषण
की नई शाखा
विशाल अग्रवाल 8770293231 | मंयक अग्रवाल 9617153000
गौरव अग्रवाल 9039211468 | मनोज अग्रवाल 9300677731
अग्रवाल एंड संस- न्यु राज टाकिज के सामने, खरोरा रोड, तिल्दा
अग्रवाल आभूषण- केशरवानी कॉलोनी, स्टेशन रोड तिल्दा नेवरा


समस्त प्रदेशवासियों को महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकानाएं...
या देवी सर्वभूतेषू शक्ति रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
मुनका राईस मिल
मुनका चावल उद्योग
सिनोधा नेवरा फोन- 233383
मंगलम फ्यूल्स
खरोरा रोड, तिल्दा एवं ग्राम मलौद सिलयारी
प्रेरणास्त्रोत
स्व. ताराचंद जी मुनका
डीलर- भारत पेट्रोलियम कार्पो. लिमि.


आप सभी को नवरात्रि एवं महाराजा अग्रसेन जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चैतन्य सॉल्वेंट
राइस ब्रांड तेल के निर्माता
बहेसर खरोरा रोड, तिल्दा
BENEFITS OF RICE BRAND OIL
Boosts Heart Health
Beneficial for Diabetics
Aids Weight loss Helps
Treats Dark Spots Boosts
Helps Treat Eczema
Treats Acne
Delay Aging
Hair Growth
प्रो. - जितेन्द्र अग्रवाल, मो. 93007 00009


श्री श्री 1008 श्री अग्रसेन जी महाराज की जय
समस्त नगरवासियों एवं अग्रबंधुओं को महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
महेश अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका एवं भाजपा नेता
घनश्याम अग्रवाल
प्रवीण अग्रवाल
गणेश अग्रवाल
दिनेश अग्रवाल
नरेश अग्रवाल
पुरूषोत्तम अग्रवाल
रमेश अग्रवाल
अमर अग्रवाल
अजय अग्रवाल
सौरभ अग्रवाल
विनय अग्रवाल
अमित अग्रवाल
निलिम्प अग्रवाल
शुभेच्छु : समस्त नीलकमल परिवार, तिल्दा-नेवरा - 493114


सेवा समर्पण विश्वास
स्व. डॉ. रामकुमार सिरमौर
स्व. श्रीमती मनोरमा सिरमौर
मनोरमा डॉ. रामकुमार सिरमौर मेमोरियल
एम.आर.एम. मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
(अनुपम हॉस्पिटल, रायपुर का उपक्रम)
क्षेत्रवासियों के लिए इस शारदीय नवरात्र के अवसर पर
बेटी होने पर
निःशुल्क सेवा
नवजात कन्या के रूप में नवदुर्गा के स्वागत हेतु तत्पर..
"आसमान में चिड़िया की चहक और घर में बेटियों की महक अनमोल होती है"
नवरात्र में दिनांक 22 सितम्बर से 30 सितम्बर तक
बेटी होने पर प्रसव सेवा निःशुल्क
नियम एवं शर्तें लागू*
हमारे हॉस्पिटल में सभी प्रकार के रोगों का ईलाज की सुविधा उपलब्ध है
प्रसूति एवं स्त्री रोग
24x7 नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
निःसन्तानता रोग
इनफर्टिलिटी/ आई. यू. आई.
हड्डी रोग एवं फ्रेक्चर
जनरल सर्जरी
नाक-कान गला रोग
मूत्र रोग
शिशु रोग
न्यूरो सर्जरी
किडनी रोग
हृदय एवं मधुमेह रोग
जनरल मेडिसिन
कैंसर सर्जरी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
ट्रामा एवं क्रिटिकल केयर
सभी प्रकार के ऑपरेशन
एडवांस ICU
मार्डन ऑपरेशन थियेटर
प्रतिदिन सोनोग्राफी
24x7 पैथोलॉजी
मेडिकल स्टोर्स
24x7 एम्बुलेंस उपलब्ध
एम. आर. एम. मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, खरोरा आपकी स्वास्थ्य सेवा में सदैव तत्पर...
विशेष छूट प्राप्त करने के लिए अग्रिम पंजीयन अनिवार्य
99261 12623, 9340837740
बलौदाबाजार बायपास रोड खरोरा, रायपुर (छ.ग.)
www.mrmhospital.com | Email : mrmkharora@gmail.com

## चकल्लस

### रसूखदार ड्रग एडिक्ट

ड्रग वाले मामले में पुलिस ने वैसे अच्छा काम किया। धरपकड़ भी ठीक ठाक चलती रही। रैकेट को तोड़ा। गिरफ्तारियां हुईं। उसके लिए पुलिस की वाह-वाह। लेकिन उसके आगे क्या? ड्रग का धंधा करोड़ों-अरबों वाला है। उसे चिरकुट लोग लीड करें ऐसा संभव नहीं दिखता। खबरी का कहना है कि इस धंधे में होटल वाले, विधायक और पूर्व विधायक का बेटा, उद्योगपतियों के लाड़ले कपूत भी इस रैकेट का हिस्सा हैं। विधायक के बेटे को मामूली पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। होटल मालिक ने अपने बेटे को मासूम बताकर ऊपर से फोन कराया। उसके बाद बाद मामला ठंडा पड़ गया है।

### किस्मत का खेल...

छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए शराब घोटाले में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी फंसे हैं, इनमें से कई अभी जेल की हवा खा रहे हैं। किसी को करनी ने जेल पहुंचाया है तो कोई अपनी किस्मत की वजह से इस हालत में पहुंचा है। एक अधिकारी पिछले दिनों जेल भेजे गए हैं, उनकी कहानी किस्मत की है। वे अपनी बरसों की सेवा के बाद रिटायर हो गए थे, लेकिन इसके बाद उन्हें संविदा नियुक्ति मिली। इस पोस्टिंग में वे आबकारी विभाग में आ गए। काम क्या किया क्या नहीं, ये तो पता नहीं, लेकिन शराब घोटाले में फंस गए, किस्मत में लिखा था जेल जाना, अब वहां पहुंच गए।

### दूसरी बार टूटा दिल...

छत्तीसगढ़ में नौकरशाही के सबसे बड़े पद पर बैठे अधिकारी के रिटायरमेंट का समय आया तो वरिष्ठता क्रम में उनसे नीचे तीन-चार पायदान के अधिकारियों में उम्मीद जगी कि अब उनका नंबर आ जाएगा, लेकिन हुआ कुछ और। रिटायर होने वाले साहब को तीन महीनों का एक्सटेंशन मिल गया। नीचे वाले अधिकारियों का दिल टूट गया। तीन महीने का समय बीतने के बाद इन्हीं लोगों की उम्मीदें फिर जागीं। अपनी बारी का इंतजार कर रहे अधिकारियों को फिर झटका लगने वाली खबर आ गई कि उनसे भी कनिष्ठ अफसर पर सरकार की कृपादृष्टि बरसने वाली है। इस बार फिर दावेदार अधिकारियों का दिल टूटने की खबर है।

### गुजरात मॉडल

छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी चली और सरकार आ गई। अब मोदी के गृहराज्य में बनने वाली योजनाओं को यहां पर कैसे उतारा जाए, इसके प्रयास शुरू हो गए हैं। नए मंत्रियों के शपथ लेते ही मंत्री वहां की यात्रा कर वहां के बदलाव को यहां पर लागू करने की सिफारिश करने लगे हैं। वे आए ही थे कि दूसरे मंत्री वहां गए, उन्होंने वहां की आबोहवा देखी, किसानों के लिए योजनाओं का अध्ययन कर लौट आए हैं। आने वाले दिनों में वे भी गुजरात मॉडल पर काम करने की बात कहेंगे। वैसे देखा जाए तो गुजरात मॉडल की छत्तीसगढ़ में फिर से वापसी होने वाली है।

### भाव का चक्कर ...

पिछले इलेक्शन में औंधे मुंह गिरे कॉर्पोरेशन के धाकड़ नेता टेंशन में चल रहे हैं। जिनके आगे-पीछे पहले पब्लिक हुआ करती थी, वे अब फूलमाला तक के लिए तरस गए हैं। 6 माह से चेले-चपाटे भी नदारद। ऊपर से डंडा लेकर झंडा उठाने के लिए सोचना पड़ता है। ऐसे में किसी ने नेताजी को छेड़ दिया कि हाथ पर हाथ रखकर बैठने के कुछ नहीं होगा। अभी से पब्लिक को फेवर में करने कुछ करना होगा। नेताजी ने धीरे से कहा, सोचने से क्या होगा, पूछपरख भी चाहिए। यहां तो कोई सीधे मुंह बात करने राजी नहीं है, पार्टी साइलेंट मोड में, क्या कर सकते हैं? जवाब मिला, भाव पाने से पहले भाव दीजिए, फिर इशू बेस टॉपिक छेड़िए। नेताजी को बात जंच गई। अब चे भाव खाने के जगह लोगों को भाव देने का मन बना रहे हैं।

### एनपीए का कर्ज चुकाना है...

निजी अस्पताल में जाकर मरीजों के इलाज का मोह सरकारी डॉक्टर नहीं छोड़ पा रहे हैं, जिसकी भारी कीमत भी उन्हें चुकानी पड़ रही है। इसका ताजा उदाहरण आंबेडकर अस्पताल के एक प्रमुख विभाग की एचओडी बनी हुई है। पारिवारिक और व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर उनके द्वारा कुछ समय पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का आवेदन किया गया था। ऊपरी स्तर पर उनके आवेदन पर विचार शुरू किया गया। इस दौरान सरकारी भत्ता लेने के बाद भी निजी अस्पतालों में जाकर सर्जरी करने का मामला सामने आ गया। एनपीए विवाद के दौरान महिला डॉक्टर पर 40 लाख की रिकवरी निकाली गई। उन्हें 40 हजार रुपए प्रतिमाह के हिसाब से किस्तों में रकम की भरपाई के निर्देश दिए गए। साथ ही रकम वापसी होने तक उनके वीआरएस के आवेदन को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### भय बिन होय न प्रीत

सुंदरकांड की चौपाई का एक हिस्सा भय बिन होय न प्रीत एनएचएम के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल पर चरितार्थ हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी विभिन्न स्तर पर कर्मचारियों को मानने का प्रयास करते रहे, मगर कर्मचारियों ने अपना हठ नहीं छोड़ा। उनके काम बंद करने की वजह से महीनेभर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई थी। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मोर्चा संभाला और सभी को बर्खास्त करने का फरमान निकाला। नौकरी जाने के भय ने असर दिखाया और हड़ताल करने वालों ने शासन के प्रति अपनी प्रीति जाहिर की..। इस हड़ताल को खत्म कराकर मंत्री ने अपना दबदबा दिखा दिया, क्योंकि कर्मचारियों की मांगों को पार्टी के बड़े जनप्रतिनिधियों ने जायज ठहराया था।

### छत गिरती है तो गिरने दे...

जब लड़की ब्याहने का वक्त आता है और वर पक्ष घर देखेन आता है तो कितनी तैयारियां होती हैं ना...! बस-बस यही हाल प्रदेश के सबसे बड़े विवि रविवि का भी है। नैक वाले आए थे तो लिपाई-पुताई कर दी। पिछली बार हॉस्टल में छात्रों को मिल रही सुविधाओं को लेकर खरी-खरी सुनाई थी। तो इस बार हॉस्टल में दो कोड ज्यादा ही पुताई करवा दी। लेकिन ये रंगाई कितने दिन ही लीकेज संभाल पाता? वीकेंड पर हॉस्टल की छत भरभराकर गिर पड़ी। बच्चे वीकेंड का प्लान कैंसिल कर सफाई करने लगे। सुनने में आया है कि रविवि के अधिकारियों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने मन ही मन खुश होकर कहा-शुक्र है नैक वालों के ऊपर नहीं गिरी।

### पता करो... किसने लगाई थी सिफारिश

सरकार बदलते ही नाम परिवर्तन अभियान चलने लगता है। ये ट्रेंड अब पुराना हो गया है। कुछ नया करने का वक्त है। इसलिए अब कॉलेज बंद करो अभियान चलेगा। थोक में ऐसे महाविद्यालय हैं, जो दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके हैं। लेकिन टारगेट सिर्फ उनको ही किया जाना है, जिसे विरोधी पार्टी के नेताओं ने सिफारिशें कर-करके खुलवाया था। तो अब कम दाखिले वाले महाविद्यालयों की सूची बनने के साथ ही सिफारिश किसने लगवाई थी, इसकी भी लिस्ट तैयार हो रही हैं। नए सत्र में यहां ताला लग जाए तो चौंकिएगा मत।

जिया कुरैशी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# पीएससी से ज्यादा व्यापम को तवज्जो, नर्स भर्ती में 93 % शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को प्रदेश में दो बड़ी भर्ती परीक्षाएं हुईं। एक परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की गई और दूसरी परीक्षा पीएससी ने ली। व्यापम द्वारा आयोजित स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा में 93% अभ्यर्थी उपस्थित रहे। राज्यभर से इसके लिए 29 हजार 600 आवेदन मिले थे।

केवल रायपुर में ही 9911 परीक्षार्थियों ने आवेदन किए थे। इनमें से 9104 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। व्यापम के इतर पीएससी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा में विशेष उत्साह देखने को नहीं मिला। राज्य लोक सेवा आयोग ने सिविल जज भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। एक पाली में सुबह 10 से 12 बजे तक यह परीक्षा आयोजित की गई। रायपुर जिले में इस भर्ती परीक्षा के लिए 16 हजार 707 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 39 प्रतिशत अर्थात 6519 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे।

### दौड़ रहे युवाओं से मांगी टी-शर्ट

स्पष्ट नियमों और दिशा-निर्देशों के बाद भी अभ्यर्थियों द्वारा ड्रेस कोड में चूक की जा रही है। रविवार को हुई भर्ती परीक्षा में भी इसका नजारा देखने को मिला। राजधानी में नमो रन का आयोजन किया गया था। इस मैराथॉन में हिस्सा लेने वाले अभ्यर्थियों सफेद रंग की आधी बांह की टी-शर्ट वितरित की गई थी। प्रो.जेएन पांडेय विद्यालय में कई अभ्यर्थी पूरे बांह की कमीज या गहरे रंग के कपड़े पहनकर आए थे। नियमों के आधार पर जब उन्हें प्रवेश से रोका गया तो वे परीक्षा केंद्र के समक्ष दौड़ में हिस्सा ले रहे युवाओं के पास पहुंचे। यहां दौड़ के आवंटित टी-शर्ट लेकर पहना और परीक्षा दिलाई।



- 29 हजार 600 ने किया था स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन
- सिविल जज के लिए मिली थी 16 हजार 700 अर्जी
- सिविल जज परीक्षा में 61 फीसदी नदारद

### इस तरह के सवाल

नर्स भर्ती परीक्षा में पूछे गए सवाल तकनीकी रहे। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के अनुसार, प्रश्न औसत रहे। वहीं विशेषज्ञों के अनुसार, अधिक संख्या में परीक्षार्थियों के शामिल होने के कारण चयन होने अधिक अंक लाने होंगे। दूसरी ओर सिविल जज भर्ती परीक्षा में पूछे गए सामान्य ज्ञान के अधिकतर सवालों का स्तर सामान्य से जटिल रहा। इस तरह के सवाल पीएससी ने पूछे-

- छग में कौन सा अभयारण्य मैकल की पर्वत श्रृंखला से घिरा हुआ है?
- जशपुर सामरी पाट प्रदेश की विशेषताएं बताएं।
- लोन वर्राटू अभियान क्या है?
- छग की डोरसा मिट्टी की खासियत।
- सेराडोली किससे संबंधित है?
- छग राज्य का 2024-25 का आर्थिक सर्वेक्षण।

## युवाओं के साथ नमो युवा रन में दौड़े उप मुख्यमंत्री अरुण साव

# 'नमो युवा रन' में 10 हजार से अधिक युवाओं ने लगाई दौड़, लिया नशामुक्ति और स्वस्थ्य भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री सह खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर आयोजित 'नमो युवा रन' रायपुर का तेलीबांधा तालाब में झंडा लहराकर आरंभ किया।

उन्होंने प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं युवाओं के साथ दौड़ लगाकर स्वस्थ और नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए युवाओं को संदेश दिया। 10 हजार से अधिक युवाओं ने नशे को हराकर नशा मुक्त और स्वस्थ भारत बनाने का संकल्प लिया। डिप्टी सीएम साव ने कहा, इससे ही मोदी का 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प पूरा होगा। वहीं यह दौड़ सुभाष स्टेडियम में समाप्त हुई।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित 'नमो युवा रन' के शुभारंभ कार्यक्रम में युवाओं से कहा, देश का हर युवा स्वस्थ, समर्थ, सक्षम हो और वो नशे से दूर रहे, इसकी जागरूकता के लिए इस दौड़ का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं और खेलों की तरक्की के लिए महत्वपूर्ण काम किए हैं। अगर खेल में सफलता नहीं मिलती, तो उन्हें प्रेरित करने का काम करते हैं। वे खेलो इंडिया सहित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से युवा शक्ति को तैयार करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, युवा निराशा में नशा को नहीं, मैदान में खेल को चुने। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर युवाओं को फिट और नशामुक्त रखने देश के 75 शहरों में यह दौड़ आयोजित की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के रायपुर और बिलासपुर भी शामिल हैं।







### अर्जुन और वंशिका को मिला प्रथम स्थान

*उप मुख्यमंत्री अरुण साव और अन्य अतिथियों ने सुभाष स्टेडियम में आयोजित 'नमो युवा रन' के समापन कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। पुरुष वर्ग में अर्जुन राय को प्रथम, अक्षय कुमार को द्वितीय और चंद्रप्रकाश को तृतीय स्थान मिला। वहीं महिला वर्ग में वंशिका पटेल प्रथम, रुख्मणि साहू द्वितीय और चंचल यादव तृतीय स्थान पर रहीं। दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 25 हजार रुपए, 15 हजार रुपए और दस हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। वहीं चतुर्थ और पंचम स्थान हासिल करने वालों को पांच-पांच हजार रुपए तथा 6वें से 10वें स्थान पर रहने वालों को दो-दो हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।*

# चर्च में शादी करने वाले जनजातीय व्यक्ति को नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वनवासी विकास समिति कल्याण आश्रम रायपुर महानगर में रविवार को जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा जनजाति समस्या, चुनौती और समाधान" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता प्रकाश उइके ने आदिवासी समाज की महिलाओं, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, धर्मांतरण के कारण आदिवासी समाज अपने अधिकारों से वंचित हो रहा है। उन्होंने कहा, अब चर्च में शादी करने वाले जनजाति व्यक्तियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा, यदि व्यक्ति ने अपना नाम, अपनी परंपराएं या पहचान बदल दी हो और वह अब उस जनजाति के तौर पर नहीं माना जाता हो, तो आरक्षण का फायदा लेने के लिए अमान्य हो सकता है।

- कल्याण आश्रम में जनजाति सुरक्षा मंच की संगोष्ठी

मुख्य अतिथि केसी पैकरा ने जनजातीय समस्याओं और उनके समाधान पर आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कल्याण आश्रम आदिवासी समाज के हित में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा जनजातीय समुदाय के लिए संचालित शिक्षा, रोजगार, कौशल उन्नयन और स्वास्थ्य के कार्यक्रम अन्य समुदायों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केसी पैकरा, सेवानिवृत्त संयुक्त सचिव, मुख्य वक्ता प्रकाश उइके, पूर्व न्यायाधीश एवं विशेष सलाहकार, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली और अध्यक्ष रवि भगत, पूर्व शासकीय अधिवक्ता, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट मौजूद थे।

## बस्तर दशहरा में शामिल होने 4 अक्टूबर को आएंगे केंद्रीय मंत्री शाह



**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अक्टूबर को राज्य के दौरे पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे और बस्तर के प्रसिद्ध दशहरा उत्सव में हिस्सा लेंगे। वे विशेष रूप से मुरिया दरबार में शिरकत करेंगे, जो इस 75 दिनों तक चलने वाले ऐतिहासिक आयोजन का केंद्रीय हिस्सा है। बस्तर दशहरा, जो जगदलपुर में आयोजित होता है। आदिवासी परंपराओं और रीति-रिवाजों से जुड़ा 600 वर्ष पुराना उत्सव है। यह नक्सलवाद से मुक्त बस्तर की शांति और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक बन चुका है। शर्मा ने कहा, गृहमंत्री का यह दौरा बस्तर के लिए ऐतिहासिक होगा। बस्तर अब नक्सलवाद की गिरफ्त से मुक्त होकर शांति और खुशी से अपने त्योहार मना रहा है। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने 19 सितंबर को दिल्ली में शाह से मुलाकात कर यह निमंत्रण दिया था, जिसमें मां दंतेश्वरी की पवित्र छवि भी भेंट की गई। शाह ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वे मुरिया दरबार में भाग लेंगे।

- मुरिया दरबार में करेंगे शिरकत

# शिविर लगाकर 5 दिन में 4 लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच, इनमें 2.80 लाख महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के बीते 5 दिन में शिविर लगाकर 4 लाख लोगों की जांच की गई, जिसमें 2.80 लाख महिलाएं शामिल हैं। इसके लिए प्रदेशभर में 10 हजार शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर और सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों की जांच के साथ गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच और बच्चों का टीकाकरण प्राथमिकता में रखा गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" छत्तीसगढ़ में लगातार नई सफलताएं अर्जित कर रहा है। बीते तीन दिनों में प्रदेशभर में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लगभग 3 लाख 98 हजार 542 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें से 2 लाख 80 हजार 204 महिलाएं शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान अब तक 10 हजार से अधिक शिविरों में 1 लाख 10 हजार लोगों की एनीमिया जांच की गई। अभियान के दौरान उपचार और स्क्रीनिंग के साथ महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। शिविरों में महिला स्वास्थ्यकर्मियों और विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को संतुलित आहार, आयरन एवं फोलिक एसिड की खुराक, स्वच्छता एवं जीवनशैली सुधार के संबंध में परामर्श प्रदान किया जा रहा है। इससे यह सुनिश्चित हो रहा है कि महिलाएं केवल जांच तक सीमित न रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित हों। इस अवधि में 33,773 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, 72,610 की सिकल सेल स्क्रीनिंग, 71,985 की टीबी जांच तथा 13,884 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके अलावा 2,24,974 लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित परामर्श दिया गया, जिससे समुदाय में व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता का संचार हुआ है, यह अभियान 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा।



- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, 10 हजार शिविरों का आयोजन

## विद्यादान, मयूरी डोंगरे का सम्मान



'प्रोजेक्ट छांव' के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्मृति पुस्तकालय के लिए विभिन्न तरह की किताबों का दान मयूरी डोंगरे ने किया। उनके इस कार्य के लिए कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला ने प्रमाणपत्र देकर उनका सम्मान किया। स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत विभिन्न लोगों द्वारा काफी संख्या में पुस्तकों का दान किया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






## खबर संक्षेप



### छात्र सम्मेलन में शिक्षा नीति पर दी जानकारी

**अभनपुर।** बेलभाठा स्थित नेताजी सुभाष महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन एवं इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन कॉलेज के सभागार मे सपंन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शा. राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा, सोमेशचंद्र पाण्डे तथा गवर्निंग बॉडी के सदस्य लक्ष्मीकांत द्विवेदी रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने नई शिक्षा नीति की प्रासंगिकता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला वही पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय की शिक्षा से मिली दिशा को याद किया। साथ ही नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने अपना परिचय देते हुए अपने जीवन लक्ष्य बताए। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। समापन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.व्ही.के. मिश्रा ने पूर्व छात्र संघ को मजबूत बनाने का आग्रह किया। इस दौरान प्राध्यापिका श्रीमती ऋचा शर्मा,प्राध्यापक डॉ आशीष दीवान,वर्षा साहू,नवीन कुमार,जतीन कुमार,हेमपुष्पा,पूजा साहू,दीपक कुमार,गंगा बांधे,टिकेश्वरी तारक,धारणी साहू,रूपम कुमार,प्रक ाश कुमार,यमीनी साहू व स्टॉफ टीचर्स सहित सैकड़ो की संख्या मे छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

**आस्था :** सज रहे दुर्गा पंडाल, देवी माता की प्रतिमाओं को दिनभर चला लाने का सिलसिला

# क्वांर नवरात्रि आज, से भव्य पंडालों में माताजी विराजेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार से दुर्गोत्सव एवं नवरात्रि पर्व का शुभारंभ हो रहा है। माँ दुर्गा की आराधना के इस पावन पर्व के लिए शहर से लेकर गाँवों तक भक्ति और उत्साह का माहौल बन गया है। जगह-जगह दुर्गा पंडालों की सजावट अंतिम दौर में है। समितियाँ आकर्षक झाँकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर रही हैं। वहीं मूर्तिकार दिन-रात एक कर माँ दुर्गा की प्रतिमाओं की रंगरोगन और सजावट में पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं।इस बार दुर्गोत्सव की तैयारियों में लगे मूर्तिकारों के लिए महँगाई बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है। मिट्टी, बांस, कपड़ा, रंग और सजावटी सामान की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। ग्राम नारा (भानसोज) के मूर्तिकार नारायण धीवर ने बताया—"महँगाई के कारण लागत बहुत बढ़ गई है। ग्राहक ज्यादा कीमत चुकाने से



बचते हैं, इस वजह से हमें मजबूरी में कम दाम में प्रतिमाएँ बेचनी पड़ती हैं। इस वर्ष छोटे मूर्ति को 10 हजार व बड़ी मूर्ति 25 हजार रु के ऑर्डर में 35 मूर्ति तैयार किया हु।मूर्ति निर्माण में पूरे परिवार के 10 लोग दिन रात से मेहनत कर रहे है मेहनत दोगुनी हो गई है लेकिन आमदनी उतनी नहीं हो पाती। फिर भी माँ दुर्गा के प्रति आस्था और परंपरा हमें इस कला से जोड़े रखती है। इस बार पूजा समितियाँ पर्यावरण हितैषी प्रतिमाओं को प्राथमिकता दे रही हैं। मूर्तिकार मिट्टी की प्रतिमाएँ और प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर रहे हैं ताकि विसर्जन के बाद जलाशयों को प्रदूषण से बचाया जा सके। दुर्गा पंडालों की सजावट, लाइटिंग और झाँकियों की तैयारियाँ अब अंतिम चरण में हैं। बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है और भक्तों के चेहरे पर उत्साह झलक रहा है। नवरात्र के नौ दिनों तक भक्ति, पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और गरबा-डांडिया की धूम रहेगी। कुल मिलाकर, आज से होने वाले दुर्गोत्सव और नवरात्रि पर्व ने पूरे आरंग सहित ग्रामीण क्षेत्रो को माँ दुर्गा की भक्ति में रंग दिया है। पंडालों की चमक-दमक और मूर्तिकारों की मेहनत इस उत्सव को और भव्य बनाने का संदेश दे रही है।

### सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में तीन सौ ज्योतिकलशों की स्थापना



**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ 22 सितंबर को होगा। देवालयों के अलावा नगर में अनेक स्थानों पर माता दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना के लिए भव्य पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मठपुरैन वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में दुर्गोत्सव का शानदार आयोजन किया जा रहा है। पुजारी घनश्यामदास वैष्णव घट स्थापना और की पूजा-अर्चना की जाएगी। उन्होने बताया कि वर्ष में चार नवरात्रि मनाई जाती है, जिसमें शारदीय नवरात्रि की महत्ता को शास्त्रों में विशेष रूप वर्णित किया गया है। उन्होंने बताया कि माता दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री है। बिना शक्ति के जीवन में कोइ काम नहीं होता है। इसलिए जीवन में शक्ति अर्जित करने शक्ति की उपसना की जाती है। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ निषाद ने बताया कि शारदीय नवरात्रि पर इस बार करीब 300 मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापान की जाएगी। इस अवसर पर दीनदयाल साहू की पार्टी द्वारा जसगीत और देवी भक्ति पर केंद्रित गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। नवरात्रि के दौरान महिला मंडलियों द्वारा वसंती मानिकपुर के नेतृत्व में प्रतिदिन संध्या माता के सेवागीतों की प्रस्तति दी जाएगी। राजकुमार धीवर, पात्रो साहू, किशोर साहू, नीलकंठ, भोजराज साहू, बाबूलाल साहू, भूखन देवांगन का आयोजन में सक्रियता उल्लेखनीय है।

## चेंबर आफ कामर्स की पूरी टीम को प्रदेशाध्यक्ष ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



चेंबर के प्रदेशअध्यक्ष सतीश थौरानी ने तिल्दा प्रमुख संदीप खूबचंदानी व उनकी टीम की शपथ दिलाई व अपने अध्यक्षीय उदबोधन में व्यापारियों की समस्याओं तुरंत हल करने की बात कही वही टेक्स सरलीकरण के लिए केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से दिल्ली में हुई लम्बी मुलाकात व चर्चा कर छत्तीसगढ़ के व्यापारियों की आवाज दिल्ली तक पहुचाई व अपनी मांगों को सफलता पूर्वक मनवाकर व्यापारी भाइयो की आवाज बुलंद की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लाभचंद बाफना प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ/पूर्व विधायक ने अपने उदबोधन में व्यापारी हितों की रक्षा व व्यापार में टैक्स की सरलता व जीएसटी कम होने की जानकारी दी। वाइस चेयरमैन सीए चेतन तारवानी ने व्यापारियों को भयमुक्त व्यापार करने का मंत्र दिया चेतन तारवानी जो जीएसटी नियमों के ज्ञाता है जीएसटी की सूक्ष्मतम जानकारी दी व सभी को आश्वासन दिया कि चेम्बर सदैव व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। कार्यकारी अध्यक्ष द्वय राजेश वासवानी व जसप्रीत सलूजा ने भी अपने उदबोधन से युवा व्यापारी वर्ग में नई ऊर्जा का संचार किया।

**महिलाओं की भागीदारी पर जोर:** प्रदेश अध्यक्ष महिला चेम्बर डॉ इला गुप्ता ने व्यापार जगत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। अतिथि के रूप में मंचस्थ समाज प्रमुख शमनलाल, पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला खुमान वर्मा चेम्बर प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया सलाहकार चन्दर विधानी संतोष बैद उपाध्यक्ष लोकेश जैन पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती पलक विकास सुखवानी,, राम पंजवानी,,सुंदरलाल पंजवानी,, विकास सुखवानी,,मनीष प्रजापति भी मंच पर उपस्थित थे।

### बागेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे महामंडलेश्वर प्रकाशानंद

**आरंग।** रविवार को स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के अनुरोध पर ऋषिकेश से महामंडलेश्वर डॉ प्रकाशानंद आरंग पहुंचे। उन्होंने बाबा बागेश्वर नाथ



महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक और श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात उन्होंने मंदिर का अवलोकन करते हुए कहा यह मंदिर चौंसठ योगिनियों का मंदिर है। पहले यह मंदिर साधना का केंद्र था। आज भी यहां साधना से अनेक सिद्धियां प्राप्त की सकती है। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों ने महामंडलेश्वर डॉ प्रकाशानंद स्वामी का फूल मालाओं और श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने फाउंडेशन के सदस्यों की पहल व रचनात्मक कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया और भविष्य में पुनः आरंग पधारने की इच्छा जताए हैं।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

रा.मा.क्र./ /अ/6 अ वर्ष 2024-25
धरसींवा, दिनांक 18/09/2025
ग्राम चरौदा प.ह.नं. 19
रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रहमत खान पिता रज्जब खान निवासी ग्राम चरौदा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा त्रुटि सुधार बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम चरौदा, प.ह.न. 19 रा.नि.म. धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.न. 688/2 का टूकड़ा रकबा 0.156 हे. आवेदक के कब्जे में है। उपरोक्त आदेशानुसार ईस्माईल खान, इसराइल खान, एवं रहमत खान पिता रज्जब खान साकिन चरौदा, के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आदेश पारित किया गया, किन्तु उपरोक्त आदेशानुसार राजस्व रिकार्ड में इसमाइल खान का नाम दर्ज है। इसराइल खान एवं रहमत खान पिता रज्जब खान का नाम भू-अभिलेख में दर्ज करते हुए बी-1 में त्रुटि सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 03/10/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

## शराब की अवैध बिक्री 4 पर की गई कार्रवाई



**अभनपुर।** भरेंगाभाठा मे सरपंच निलेश यादव के अगुवाई मे नशा मुक्ति अभियान संचालित करते अवैध शराब ब्रिकी रोकने गांव मे आमसभा बुलाकर प्रस्ताव पारित किया गया वही अवैध शराब ब्रिकी के संबंध मे अभनपुर थाना प्रभारी सत्येद्र सिंह श्याम से शिकायत की गई। वही टीआई श्री श्याम द्वारा शिकायत के आधार पर 4-5 लोगो के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है उन्होने बताया कि गांव का सौहार्द खराब करने वाले लोगो पर ऐसे ही आगे कार्यवाही जारी रहेगी।आमसभा के दौरान अमरदास गायकवाड़,जेठू सोनवानी,सूदन तंदन,ललित यादव,बेदू यादव,डेरा यादव,मोहनक सोसले,महेश सोनवानी,पवन बांधे,योगेश यादव,इंदल निषाद सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़े पर मंत्री ने पौधे लगाएं व मरीजों को फल बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भारतीय जनता पार्टी अटल नगर मण्डल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत 100 बिस्तर सिविल अस्पताल राखी से हुई, जहाँ मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की, साथ ही वहां स्थित जन औषधि केंद्र का निरीक्षण भी किया, सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत



सेक्टर-28 मिनी मार्केट, नवागांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में भी मंत्री जी उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने स्वयं स्वास्थ्य परीक्षण कर आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इसी क्रम में सेक्टर-28 स्थित गुरु बालकदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई, जिसमें सतनामी समाज की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए राष्ट्रहित में सहयोग देने के लिए आगे आए।अपने संबोधन में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा पूरे देश में 'सेवा परमो धर्म' की भावना के साथ मनाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं का संकल्प सदैव समाज के उत्थान और राष्ट्र निर्माण की दिशा में समर्पित रहा है। सेवा ही संगठन की आत्मा है और समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़कर देश को नई ऊँचाई पर ले जाना ही हमारा लक्ष्य है।मंत्री ने आगे कहा कि किसान अन्नदाता हैं, उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार लगातार गंभीर है।



## खबर संक्षेप

### बेटी बचाओ मंच ने मनाया बालिका दिवस



रायपुर। महादेवघाट परिक्षेत्र बेटी बचाओ मंच द्वारा खारुन नदी के तट पर स्थित निखिलेश्वर महादेव मंदिर के सभागार में रविवार को बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बालिकाओं को दुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित बालिका अंशिका शर्मा, धर्मासी दुबे, अदिति यादव, आराध्या शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा ने फूलमाला से स्वागत कर पुरस्कार तथा प्रशस्तिपत्र भेंट किया।

## निधन

### सतरूपा शुक्ला

रायपुर। आयुर्वेदिक कॉलेज कैंपस निवासी सतरूपा शुक्ला तूता वाले (75) का 21 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 सितंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे आयुर्वेदिक कॉलेज में कार्यरत चंद्रशेखर शुक्ला की माता और महेश, रमेश, दिनेश, लल्लू की भाभी थीं।



### सुधीर मिश्रा

रायपुर। तात्यापारा निवासी सुधीर मिश्रा का 21 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 सितंबर को सुबह 10:30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी घाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे यूको बैंक एम्प्लॉयज़ यूनियन छत्तीसगढ़ के डिप्टी चेयरमैन एवं छत्तीसगढ़ बैंक एम्प्लॉयज़ एसोसिएशन के सहायक महासचिव थे।



### जगदीश मसंद

रायपुर। शंकर नगर निवासी जगदीश मसंद का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 21 सितम्बर को देवेन्द्र नगर श्मशानघाट में किया गया। वे अजय मसंद के पिता, जयकिशन, राजकुमार, साईं जलकुमार, जयप्रकाश, मनोज, ताराचंद, जयेश मसंद के भाई, अनूप, जितेंद्र, मनोज, दिनेश, अभिनव, रवि, मयंक, हिमांशु, हर्ष मसंद के चाचा, जशिथ, रिशित, राजीव, आदित्य, वियांश, मानविक मसंद के दादा थे।



# डोंगरगढ़ में आज से 10 एक्सप्रेस का ठहराव, यात्रियों को ऑर्डर देने पर मिलेगी नवरात्रि स्पेशल व्रत थाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि के दौरान मां बमलेश्वरी के भक्तों की सुविधा के लिए रेलवे ने 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 9 दिनों के लिए ठहराव देने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही नवरात्रि में दुर्ग से डोंगरगढ़ तक एक स्पेशल मेमू ट्रेन भी चलाई जाएगी और 2 मेमू ट्रेनों को गोंदिया तक विस्तार दिया गया है। बिलासपुर- भगत की कोठी-बिलासपुर, बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर, बिलासपुर-चेन्नई-बिलासपुर, बिलासपुर पुणे बिलासपुर और रायपुर - सिकंदराबाद रायपुर एक्सप्रेस का स्टॉपेज 2-2 मिनट के लिए दिया गया है। गोंदिया-दुर्ग मेमू चलेगी रायपुर तक गोंदिया-दुर्ग मेमू को 9 दिन के लिए रायपुर तक बढ़ाया गया है। यह ट्रेन गोंदिया से दुर्ग तक पहुंचने के बाद भिलाई नगर, भिलाई पावर हाउस, भिलाई, देवबलौदा चरौदा, डी-केबिन, कुम्हारी, सरोना होते हुए रायपुर पहुंचेगी। वापसी में भी यही मार्ग तय करते हुए गोंदिया लौटेगी।

### नवरात्रि में नौ दिनों तक ट्रेन में यात्रियों को मिलेगा शुद्ध व सात्विक फलाहारी भोजन

#### फलाहारी में नए व्यंजनों हुए शामिल

उपवास रखने वाले यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी ने इस बार फलाहारी व्यंजनों की संख्या बढ़ा दी है। फल और आलू की सब्जी के अलावा इस बार यात्री कुट्टू के आटा से बने व्यंजन, साबूदाना की खिचड़ी, सूखे मखाने, साबूदाना मूंगफली नमकीन, आलू की टिक्की, जीरा आलू, फ्रेंच फ्राइज, साबूदाना वड़ा, फलाहारी चूड़ा, फलाहारी थाली, मलाई बर्फी, रसमलाई, मिल्क केक, सादी बर्फी, लस्सी, दही। अधिकारियों का कहना है कि व्रत का भोजन बनाने में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।



#### पहले से बनाकर नहीं रखा जाएगा

स्टेशनों में फलाहारी व्यंजन तैयार करने का कहा गया है, लेकिन ऑर्डर देने के बाद बनाकर यात्रियों को दिया जाएगा। पहले से बनाकर नहीं रखा जाएगा। ट्रेन में ऑर्डर करने पर एक से दो घंटे के बाद खाना मिलेगा। गर्म व ताजा नहीं होने से सीधी आईआरसीटीसी में शिकायत कर सकते हैं। स्टेशन में फलाहारी खाली 30 मिनट में मिल जाएगा। नवरात्रि में व्रत रखने वाले यात्रियों को यात्रा के दौरान शुद्ध व सात्विक भोजन मिलने में परेशानी होती है, जो इस बार नहीं होगी।

#### आईआरसीटीसी की वेबसाइट से होगी खाने की बुकिंग

ट्रेनों और स्टेशन में यात्रियों को इस बार फलाहारी के साथ थाली की भी सुविधा नौ दिनों तक मिलेगी, जिसकी कीमत 60 रुपए से 200 तक तय किया गया है। खाना ऑर्डर करने यात्री अपनी यात्रा से कम से कम दो घंटे पहले आईआरसीटीसी की ई-कैटरिंग वेबसाइट या फूड-ऑन-ट्रैक एप के माध्यम से व्रत की थाली के लिए आर्डर कर सकते हैं। यात्रियों को ताजा और सात्विक भोजन ट्रेन में मिल जाएगा। आईआरसीटीसी ने स्टेशन में फलाहारी भोजन तैयार करने विशेष ध्यान रखने को कहा है, ताकि उपवास रखने वाले यात्रियों को दिक्कत न हो।

## आज से नवरात्रि पर्व रायपुर से कोलकाता जाना हुआ महंगा

रायपुर। सोमवार से नवरात्रि की शुरुआत होने के साथ ही रायपुर से कोलकाता जाने का हवाई सफर महंगा हो गया है। कोलकाता में दुर्गा पूजा का आयोजन काफी जोर-शोर के साथ होता है। इस उत्सव में शामिल होने काफी संख्या में लोग कोलकाता जाते हैं, जिसकी वजह से वहां का एयर फेयर दस हजार से ऊपर हो चुका है। आने वाले दिनों में अन्य शहरों के फेयर में भी बढ़ोतरी होने के आसार हैं, क्योंकि त्योहार के मद्देनजर दूसरे शहरों की ओर आना-जाना बढ़ने की उम्मीद है।



■ दस हजार से ऊपर हुआ एयर फेयर

शारदीय नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की जाती है। बंगाली समाज इस त्योहार को उत्साह पूर्वक मनाता है। प्रदेश में काफी संख्या में बंगाली समाज के लोग रहते हैं, जो इस अवसर पर कोलकाता की यात्रा करते हैं। सोमवार से नवरात्रि की शुरुआत होने के साथ रायपुर से कोलकाता के बीच संचालित होने वाली फ्लाइट के फेयर पर इसका असर नजर आने लगा है। चौबीस घंटे पहले फ्लाइट का टिकट बुक करने पर यात्रियों को दस हजार से अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है। इसी तरह पंचमी के बाद का फेयर बढ़कर 14-15 हजार रुपये तक पहुंचने लगा है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में अन्य शहरों का फेयर भी बढ़ जाएगा, क्योंकि त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ कारोबार के सिलसिले में भी यात्रा का दौर शुरू हो जाएगा।

### एयरपोर्ट जाने वाले मध्य मार्ग से जा पाएंगे, वापसी सर्विस रोड से होगी

# आज से वीआईपी रोड वन-वे, कैमरे से होगी निगरानी, उल्लंघन करने पर कटेगा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वीआईपी रोड में आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने दोनों तरफ की सर्विस रोड को छोड़ बीच के मार्ग को सोमवार से वन-वे किया गया है। एयरपोर्ट जाने वाले लोग ही बीच के मार्ग से जा सकेंगे। इसके अलावा एयरपोर्ट से आने वाले लोग दोनों तरफ की सर्विस रोड से आवाजाही कर सकते हैं। वन-वे मार्ग की कैमरे से निगरानी की जाएगी। उल्लंघन करने पर वाहन चालकों से ई-चालान के माध्यम से जुर्माना वसूल किया जाएगा। जुर्माने की राशि ढाई हजार रुपए है।

■ हादसों पर लगाम लगाने किया जा रहा वन-वे

वीआईपी रोड पर हर माह औसतन तीन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इस मार्ग में 20 माह में 55 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मौत होने के साथ 59 लोग घायल हुए हैं। एक्सीडेंट की वजह एयरपोर्ट पहुंचने की हड़बड़ी में वाहन तेज रफ्तार चलाना है। इस वजह से वीआईपी मार्ग को वन-वे करने का निर्णय लिया गया है।



#### एक्सीडेंट पर अंकुश लगेगा

एयरपोर्ट जाने वाले वीआईपी मार्ग में श्रीराम मंदिर के सामने से नवा रायपुर एयरपोर्ट एंट्री मार्ग तक तीन मार्ग हैं, जिनमें एक मध्य मार्ग एवं दोनों ओर सर्विस रोड बनाया गया है। एयरपोर्ट जाने के लिए मध्य मार्ग तथा वीआईपी रोड के दोनों ओर होटल, मैरिज पैलेस एवं अन्य संस्थानों में आवागमन करने वालों के लिए सर्विस रोड दिया गया है। एयरपोर्ट, होटल, मैरिज पैलेस एवं अन्य संस्थान, गांव से शहर की ओर आने के लिए लोग मध्य मार्ग का उपयोग करते हैं, जिससे मध्य मार्ग में ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है और ओवरटेक करने की हड़बड़ी में सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इसके कारण मध्य मार्ग में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है।

#### इन जगहों पर लगे कैमरों से करेंगे निगरानी

वन-वे आदेश का उल्लंघन करने वालों की एयरपोर्ट एंट्री मार्ग से, माना पीटीएस चौक, टेमरी, फुंडहर चौक एवं मौल श्री विहार से मध्य मार्ग में प्रवेश को रोकने मध्य मार्ग में रांग वे डिटेक्शन कैमरा लगाए गए हैं। आवाजाही करने वाले लोगों की जानकारी के लिए संकेतक बोर्ड भी लगाए गए हैं। जिन स्थानों में डिवाइडर लगाए गए हैं, उन जगहों से लोग रोड क्रास कर सकते हैं। सर्विस रोड में लोग दोनों तरफ से आवाजाही कर सकते हैं।

## रविवि में नगर निगम बनाएगा स्मार्ट टॉयलेट सफाई करेगा विवि प्रशासन

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि में नगर निगम स्मार्ट टॉयलेट बनवाने जा रहा है। इसका निर्माण तो नगर निगम करेगा, लेकिन सफाई और मेंटनेंस की जिम्मेदारी रविवि की होगी। बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया है। विश्वविद्यालय परिसर में स्थित बंजारी माता मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। नगर निगम द्वारा इस संदर्भ में रविवि को प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर विचार करते हुए कार्यपरिषद की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। इसका निर्माण छात्र सदन के समीप किया जाएगा, ताकि बाहर से आने वाले विद्यार्थियों को भी इस सुविधा का लाभ मिल सके।गौरतलब है कि छात्र सदन का निर्माण भी रविवि द्वारा ही किया गया। दूसरे जिलों से परीक्षा सहित अन्य कार्यों के लिए आने वाले विद्यार्थियों को ठहरने की सुविधा देने इसकी व्यवस्था की गई थी।



■ विवि परिसर स्थित बंजारी माता मंदिर में आने वाले भक्तजनों की सुविधा के लिए नई व्यवस्था

#### विवाद से बचने लिखित समझौता

रविवि ने स्पष्ट किया है कि नगर निगम के इस निर्माण कार्य से रविवि का भू-स्वामित्व परिवर्तित नहीं होगा। रविवि और नगर निगम के मध्य इसे लेकर स्पष्ट लिखित समझौता होगा, ताकि भविष्य में किसी तरह का विवाद उत्पन्न ना हो। कृषि भूमि पर विवि निर्माण संबंधित मामले के कारण रविवि को कुछ साल पहले कुर्की का नोटिस मिला था। विवि नहीं चाहता है कि आगे किसी भी तरह की परेशानी हो, इसलिए भू-स्वामित्व तथा अन्य चीजों को लेकर निर्माण के पहले ही कागजी कार्रवाई पूर्ण की जाएगी।



# अतिरिक्त विषय का विकल्प समाप्त, गणित और विज्ञान संग नहीं पढ़ पाएंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई ने परीक्षा संबंधित एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे हजारों छात्रों की प्लानिंग पर असर पड़ सकता है। अब तक प्राइवेट कैंडिडेट्स के पास क्लास 10 और 12 में एडिशनल सब्जेक्ट लेने का ऑप्शन था। यानी बारहवीं पास करने के बाद छात्र अगले दो सालों तक कोई नया विषय चुनकर उसका एग्जाम दे सकते थे। कई बच्चों ने इसका इस्तेमाल कर अपने करियर की दिशा बदली। जैसे, बायोलॉजी पढ़ने वाला छात्र बाद में मैथ्स लेकर जेईई की तैयारी कर लेता था, लेकिन अब 2026 से ये रास्ता बंद हो जाएगा।

बोर्ड का कहना है कि प्राइवेट बच्चों को इंटरनल असेसमेंट देना संभव नहीं है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आंतरिक मूल्यांकन अनिवार्य है। सीबीएसई के अनुसार, प्राइवेट कैंडिडेट्स को एडिशनल सब्जेक्ट में इंटरनल असेसमेंट के नंबर देना मुश्किल होता है। बोर्ड का फोकस केवल परीक्षा कराने पर नहीं, बल्कि स्कूलिंग के पूरे अनुभव पर है। इसी वजह से 2026 से इस विकल्प को हटा दिया गया है।

अलग खबर

## 12वीं पास करने के बाद नया विषय चुनकर फिर से दिला सकते थे परीक्षा

### दसवीं में अपेक्षाकृत कम छात्र

सीबीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की परीक्षा में 2768 छात्रों ने अतिरिक्त विषय के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था।इनमें से 2161 स्टूडेंट्स (78%) परीक्षा में बैठे थे। वहीं 2024 में ये संख्या थोड़ी कम रही। उस साल 2225 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था और 1657 (74%) ने परीक्षा दी थी।वहीं क्लास 10 में भी छात्र इस विकल्प का फायदा उठा रहे थे। 2025 में 375 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 311 ने परीक्षा दी। वहीं 2024 में 330 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 267 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए।




### ऐसे मिलता था फायदा

अब तक क्लास 12 पास करने के बाद छात्रों को दो साल तक किसी अतिरिक्त विषय की परीक्षा देने का मौका मिलता था। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी छात्र ने 11वीं-12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी ली थी, तो वह अगले साल मैथ्स का पेपर देकर जेईई जैसी परीक्षाओं में शामिल हो सकता था। कक्षा-12वीं के लिए सिर्फ एक अतिरिक्त विषय का ऑप्शन था, जबकि क्लास 10 में छात्र दो विषय तक चुन सकते थे, लेकिन शर्त ये थी कि उन विषयों में प्रोजेक्ट वर्क हो सकता था, प्रैक्टिकल नहीं।

## खबर संक्षेप



### पितृमोक्ष अमावस्या पर पितरों की पूजा, सामूहिक तर्पण

**रायपुर**। वीआईपी रोड स्थित आसाराम आश्रम में रविवार को पितृ मोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने पितरों का तर्पण किया। पितृमोक्ष अमावस्या पर वैदिक मंत्रोच्चार और हवन पूजन के साथ वीआईपी रोड स्थित आश्रम में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सत्संग हॉल में ब्राम्हणों द्वारा वैदिक रीति से पिंडदान, तर्पण और यज्ञ कराये गये। इसके साथ ही परिसर में सामूहिक भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन हुआ। प्रेरक संदेश सुनाए गए। कार्यक्रम में रायपुर सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सिंधी समाज और शिवसेना कार्यकर्ताओं ने अभिषेक का किया स्वागत



**रायपुर**। एनडीए और शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक अभिषेक वर्मा का विशेष विमान से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रविवार को रायपुर आगमन हुआ। विमानतल पर बड़ी संख्या में सिंधी समाज के प्रतिनिधियों और शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा उनका फूलमालाओं और ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया गया। इसी दौरान सभी सदस्यों द्वारा परिचय करते हुए संपादित कार्यों की जानकारी साझा की और छत्तीसगढ़ यात्रा की सफलता के लिए एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा ने बताया कि स्वागत करने वालों में सांई उदयलाल, सीए संगठन के पूर्व अध्यक्ष सीए चेतन तारवानी, वरिष्ठ समाजसेवी और अभिषेक वर्मा के पारिवारिक मित्र अमित जीवन, छग शिवसेना प्रमुख धनंजय परिहार, मधुकर पांडे एवं अन्य पदाधिकारी विशेष रूप मौजूद रहे।

### पितृ अमावस्या पर वृद्धाश्रम में किया बुजुर्गों का सम्मान



**रायपुर**। भाजपा सिविल लाइंस मंडल रायपुर दक्षिण विधानसभा पर सेवा पखवाड़ा में बढ़ते कदम में वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक सुनील सोनी ने कहा, पितृ अमावस्या पर बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने आया हूं, आप के जीवन में किसी भी प्रकार की समस्या न रहे, आप की लंबी आयु की कामना करता हूं। बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सिविल लाइंस मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, सुनील कुकरेजा, तेजकुमार बजाज, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, शैलेंद्र सोमवंशी, सुनील नारवानी, कमल रंधावा उपस्थित थे।

## युकां-एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर एट्रोसिटी एक्ट, विरोध में फूंका गृहमंत्री का पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विरोध-प्रदर्शन कर रहे युवक कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट लगाए जाने के विरोध में रविवार को प्रदेशव्यापी प्रदर्शन हुआ। बस्तर ओलंपियाड में घोटाले का आरोप लगाते हुए यूथ कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन किया गया था। इसमें एनएसयूआई कार्यकर्ता भी शामिल थे। यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला सहित एनएसयूआई सचिव कुणाल दुबे, तारिक खान, संस्कार पांडे सहित अन्य के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट लगाया गया है। गौरतलब है कि एट्रोसिटी एक्ट को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आरोप है गृहमंत्री के आदेश पर उनके खिलाफ सामान्य विरोध-प्रदर्शन करने पर भी ये धाराएं लगाई गई हैं। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका। नाराजगी जताते हुए यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने कहा, एट्रोसिटी एक्ट में झूठा मुकदमा दर्ज करवाना चिंताजनक है। यह एक तरह का राजनीतिक प्रतिशोध है। पुलिस भी सत्ता के दबाव में आकर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने में लगी है।

## नये अध्यक्ष पद्मश्री डा. बीके जैन ने किया एम्स का दौरा, मरीजों से संवाद भी

# रिनल ट्रांसप्लांट के पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, सीबीसीटी यूनिट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रिनल ट्रांसप्लांट के मरीजों की बेहतर निगरानी के लिए पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड के दांतों के एक्सरे के लिए सीबीसीटी यूनिट का लोकार्पण एम्स के नये अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. बीके जैन ने किया। इसके अलावा पीडियाट्रिक सर्जरी, नेत्र विज्ञान एवं नेफ्रोलॉजी ओपीडी की शुरुआत भी उन्होंने की। डा. जैन ने हाल ही में एम्स के नये अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है।

■ पीडियाट्रिक सर्जरी, नेत्र विज्ञान एवं नेफ्रोलॉजी ओपीडी की शुरुआत भी

प्रख्यात नेत्र विशेषज्ञ एवं दूरदर्शी समाज सुधारक डॉ. बीके जैन ने 18 से 20 सितंबर तक एम्स का तीन दिवसीय दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रॉमा और इमरजेंसी, क्रिटिकल केयर, आर्थोपेडिक्स तथा जनरल सर्जरी जैसे प्रमुख विभागों का भ्रमण किया और भर्ती मरीजों से बातचीत कर अनुभवों को समझा। उन्हें आपातकालीन देखभाल हेतु अभिनव "भीष्म क्यूब्स" के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सिमुलेशन लैब का निरीक्षण किया और संस्थान की पेशेंट सेफ्टी कमेटी द्वारा तैयार पेशेंट सेफ्टी हैंडबुक का विमोचन भी किया। निरीक्षण अवधि के दौरान उन्होंने रिनल ट्रांसप्लांट सुविधा के साथ पीडियाट्रिक सर्जरी एवं नेत्र विज्ञान वार्ड्स, नेत्र विज्ञान एवं नेफ्रोलॉजी ओपीडी, तथा डेंटिस्ट्री में कोन बीम कम्प्यूटेड टोमोग्राफी (सीबीसीटी) यूनिट का लोकार्पण किया। साथ फैकल्टी सदस्यों के साथ एम्स रायपुर के भावी रोडमैप पर चर्चा की।



### कई पुरस्कारों से नवाजे गए डा. जैन

डॉ. बीके जैन ग्रामीण नेत्र देखभाल और सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में पांच दशकों से अधिक के अग्रणी कार्य के लिए विख्यात हैं। मध्यप्रदेश के चित्रकूट स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय और जानकीकुंड चिकित्सालय के निदेशक के रूप में उन्होंने इन संस्थानों को सामुदायिक नेत्र विज्ञान का वैश्विक मॉडल बनाया। उनके नेतृत्व में ट्रस्ट प्रतिवर्ष 2,16,000 से अधिक नेत्र शल्य क्रियाएं कर रहा है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित डॉ. जैन को एआईओएस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, ग्लोरी ऑफ इंडिया अवॉर्ड, स्पिरिट ऑफ ह्यूमैनिटी अवॉर्ड शामिल है। मई 2025 में उन्हें ग्रामीण नेत्र देखभाल और सामाजिक सेवा में असाधारण योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया। जून 2025 में उन्हें हिप्पोक्रेट्स लेगेसी अवॉर्ड भी प्रदान किया गया, जो रोके जा सकने वाले अंधत्व की रोकथाम के लिए उनके आजीवन समर्पण का प्रतीक है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए आरपीएफ पोस्ट प्रभारी कर्मपाल सिंह सम्मानित



**रायपुर**। रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रिजर्व लाइन, बैरक प्रांगण स्थित मैदान पर रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस-2025 समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेसुब बिलासपुर द्वारा परेड की सलामी ली गई। उन्होंने बल के सदस्यों का सुरक्षा सम्मेलन लेकर उन्हें ईमानदारी तथा निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वहन तथा कार्य के दौरान तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान रायपुर पोस्ट प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर को यात्रियों के हित में सराहनीय कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 अधिकारियों तथा बल के सदस्यों को उनके सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर वृक्षारोपण किया गया। आरपीएफ के 50 से अधिक अधिकारी और बल सदस्यों द्वारा रेलवे अस्पताल, बिलासपुर में रक्तदान किया गया। इस दौरान महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेसुब, उप महानिरीक्षक-सह-मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेसुब, बिलासपुर, वरिष्ट मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुब बिलासपुर की उपस्थिति में मुख्यालय एवं मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेसुब तथा रेलवे सुरक्षा बल के अन्य अधिकारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

## ठेका सफाई कर्मचारी संघ ने की वेतन विसंगति पर चर्चा



**रायपुर**। नगर निगम में कार्यरत प्राइवेट ठेका सफाई कर्मचारी संघ ने बैठक आयोजित की। जहां मीडिया प्रभारी रवि बांधे ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में वेतन विसंगतियों तथा अवकाश से संबंधित विषय पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान संघ के अध्यक्ष नरेश सिंह के अलावा आसकरण कोसले, देवचरण जांगड़े, रवि जांगडे, संतोष जांगडे, देवेंद्र भारद्वाज, सचिन जांगड़े, सुमित डांडे, उमेश बंजारे, किशन मारकंडे, गोकुल साहू, विनय धीवर, संदीप लहरे, दिलेश्वर तारक, ओमप्रकाश ठाकुर, अमित बांधे, दुर्गेश सिंह, रविकांत वर्मा, अजहर खान, सागर पाल, लक्ष्मी नेताम सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### मैसेज के माध्यम ....

दोनों कार में जीपीएस लगाया गया था। जीपीएस के माध्यम से हैंडलर कार की लोकेशन ट्रेस कर रहा था। कार चालकों ने कार को शंकर नगर क्षेत्र से ले जाने की जानकारी पुलिस को दी है।

**हवाला नेटवर्क तोड़ना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती**

कार चालकों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने रकम जब्ती कर उन्हें आयकर विभाग के सुपुर्द कर दिया है। पूछताछ में कार ड्राइवरों ने आईटी के अफसरों को क्या जानकारी दी है, इस बात की जानकारी आयकर अफसरों ने किसी को नहीं दी है। अफसर जांच करने की बात कह रहे हैं। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर के अनुसार जब्त रकम एक-दो दिन में आयकर विभाग को सौंप देगी।

**इसी पैटर्न में पुलिस ने जब्त किए थे साढ़े चार करोड़**

कुम्हारी में जब्त हवाला की रकम जिस पैटर्न में ले जाई जा रही थी, उसी पैटर्न में रायपुर पुलिस ने आमानाका थाना क्षेत्र के टाटीबंध के पास 12 मार्च को एक कार से साढ़े चार करोड़ हवाला की रकम जब्त की थी। उसमें भी कार चालक को मोबाइल में मैसेज के माध्यम से कार उठाने से लेकर गंतव्य तक पहुंचाए जाने की जानकारी मिल रही थी। उक्त हवाला की रकम गुजरात पहुंचाना था।

**सरगना अब तक नहीं धरे गए**

पुलिस ने हवाला रैकेट को लेकर अब तक जितनी कार्रवाई कर आयकर विभाग के सुपुर्द की है, उन सभी मामलों में हवाला रैकेट के सरगना के साथ हवाला के माध्यम से पैसे भेजने वालों के खिलाफ आयकर के साथ पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। साथ ही उनकी गिरफ्तारी तक नहीं हुई है। इसे लेकर संबंधितों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

### एयरपोर्ट मार्ग पर ....

जहां बैग मिला है, उसके पांच सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार से कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। इस वजह से बैग फेंकने वाले की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। बैग को लेकर हवाला के कैस कलेक्शन से जोड़कर देखा जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अफसरों से संपर्क करने पर उनका कहना है कि उनकी प्रथमिकता बैग फेंकने वाले की तलाश करना है। बैग मिलने की पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

### कपल्स का होटल ....

और आकांक्षा शर्मा 17 सितंबर को निजी होटल पहुंचे थे। इस दौरान दोनों कपल्स अपने-अपने कमरे में चले गए, और उन्होंने होटल के स्टाफ को लगेज ऊपर लाने कहा था। जब होटल का स्टाफ लगेज लेकर जा रहा था तब उनकी नजर बियर की पेटी और शराब की बोतलों पर पड़ी तो उन्होंने अपने मैनेजर एवं सिक्युरिटी इंचार्ज को इसकी जानकारी दी। होटल मैनेजर ने दोनों कपल्स को मौके पर बुलाया और नियमों का हवाला देकर शराब और बियर को होटल के भीतर लाने अनुमति नहीं दी। इसके बाद चारो ने होटल मैनेजर और सिक्योरिटी इंचार्ज के साथ गालीगलौज धक्कामुक्की शुरू कर दी।

**अन्य प्रांत की है शराब**

सूत्रों के अनुसार युवक युवती जो शराब लेकर होटल आए थे,वह हरियाणा और गोवा की बताई जा रही है। इसके बावजूद मौके पर मौजूद आबकारी अमले और पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।









हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025
# लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

03

आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रशिक्षण...

लाइव इवेंट

## सर्व पितृमोक्ष अमावस्या पर श्राद्ध और तर्पण, पिंडदान व कराया भोज



**रायपुर।** शहर के हर क्षेत्र में सरोकार से जुड़े लोगों के प्रयास से सर्व पितृमोक्ष अमावस्या तिथि का पालन करते हुए विधि-विधान से पितरों के मोक्ष की कामना परिजनों ने की। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में सामूहिक श्राद्ध, तर्पण व पिंडदान करने के लिए 200 से अधिक परिजन पहुंचे। पिंड पूजन के माध्यम से सभी ने अपने पितरों को जल दिया। पितरों की कृपा परिवार पर बनी रहे, ऐसी कामना पिंड पूजन करने वाले सभी परिजनों ने की। ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस और व्यवस्था प्रभारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि लगातार गायत्री शक्तिपीठ में अपने पितरों को याद करके पिंड पूजन और श्राद्ध के लिए परिजनों की संख्या बढ़ती जा रही है। भविष्य में तैयारी और भी बेहतर की जाएगी। सदाशिव हथमल, ट्रस्टी आदर्श वर्मा ने व्यवस्था की कमान संभाली।

### दूधाधारी मठ में की गई पितरों की विशेष पूजा



आश्विन कृष्ण पक्ष की अमावस्या को श्री दूधाधारी मठ में पितर मोक्ष के लिए विधिवत पूजा-अर्चना की गई। महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज ने सुबह 6 बजे महादेवघाट खारुन नदी में मठ-मंदिर के पूर्वाचार्यों को तर्पण किया, 7 बजे मठ पहुंचकर हवन पूर्ण किया। इसके बाद भोग भंडारा का कार्य पूर्ण होने पर भगवान एवं पितरों को भोग अर्पण किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भी मठ में बड़ी संख्या में भोजन प्राप्त किया। राजेश्री महंत ने बताया कि भाद्रपद पूर्णिमा से लेकर आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म में पितर पक्ष मनाने की परंपरा रही है।

### नियम के बाद पितरों के नाम रोपे गए पौधे

कृष्ण मित्र फाउंडेशन की पहल से रविवार को सुबह 9 बजे से सर्व पितृमोक्ष अमावस्या पर आयोजन किया गया। इसमें ज्ञात, अज्ञात




मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मुक्तिधाम परिसर में स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर सरजूबांधा नया तालाब किनारे टिकरापारा में लोग जुटे। पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा के सानिध्य में पिंडदान एवं शांति हवन का कार्यक्रम किया गया। आयोजन के चौथे वर्ष भी संस्था के आयोजन में लोग शामिल हुए। लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार संस्था करती है। इसके अलावा मुक्तिधाम परिसर में दाह संस्कार एवं जिन्हें मिट्टी दी गई है, उन सब की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक तर्पण, पिंडदान और शांति हवन किया गया।

### शारदीय नवरात्रि में इस बार तीन संयोग, गज पर सवार होकर भक्तों के बीच आएंगी मां जगदम्बा


# थीम बेस्ड आकर्षक श्रीधाम में विराजेंगी आदिशक्ति दिनभर स्वागत का सिलसिला, आज घट स्थापना

'मां आदिशक्ति की आस्था की धूम सोमवार से मचने वाली है। नवरात्रि से पहले माता का धाम रंगीन रोशनी से सराबोर हो गया है। क्वांर नवरात्रि में श्रद्धालुओं को अक्षरधाम, क्षीरसागर में माता के नौ स्वरूप की झलक देखने को मिलेगी। बद्रीनाथ धाम और विक्टोरिया गार्डन स्थित महल की तर्ज पर माता का श्रीधाम नजर आएगा। इसके पहले दुर्गा पूजा उत्सव समितियों ने नौ दिनों की सेवा के क्रम में भक्ति से ओतप्रोत आयोजनों को शामिल किया है। इस बार तीन विशेष संयोग के साथ ही घट स्थापना का सिलसिला सुबह 6.19 बजे से शुरू होगा। रविवार को ढोल-ताशे और बैंड-बाजे के साथ मां आदिशक्ति की प्रतिमा का स्वागत भक्तिभाव से किया गया।'

रायपुर। राजधानी के बिजली आफिस चौक, बांसटाल, पुरानी बस्ती, टिकरापारा, संतोषी नगर, माना, बैरनबाजार, महावीर नगर, अमलीडीह, राजेंद्र नगर, कालीबाड़ी, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, गुढ़ियारी समेत सभी क्षेत्रों में माता के नौ स्वरूपों की पूजा का विधान इस साल भी विधिवत करने की तैयारी प्रमुख देवी मंदिरों और पंडालों में की गई है। पूजा उत्सव को आस्था और भक्ति से ओतप्रोत करने के लिए गरबा उत्सव के साथ ही भजन और जसगीत गायन की श्रृंखला सजाने के लिए टोलियों को भी आमंत्रित किया है। इसके साथ ही ज्योत-जंवारा की देखभाल करने के लिए कई समितियों ने पंडा और बैगा भी तय किए हैं। माता की आस्था के इस पर्व को खास बनाने में आसपास के लोग सहयोग कर रहे हैं, ताकि उत्सव में भक्तिमय माहौल बने। वहीं दूसरी तरफ शहर के महामाया मंदिर, बंजारी धाम, दंतेश्वरी मंदिर और काली मंदिर में घट स्थापना से जुड़ी सभी प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया।







### माता के विश्व स्वरूप का भक्त करेंगे दर्शन

समता और चौबे कॉलोनी क्षेत्र के लोग करबला तालाब के पास सजाए गए आकर्षक पंडाल में पूजा-उत्सव का हिस्सा बनेंगे। संघर्ष क्लब दुर्गा उत्सव समिति ने पश्चिम बंगाल से आए 15 कारीगरों से पंडाल बनवाया है। समिति के रूक्कु खान, प्रतीक शर्मा, धनंजय तिवारी और सोनू प्रजापति के मार्गदर्शन में 50 फीट ऊंचे पहाड़ की तर्ज



पर पंडाल सजाया गया है। इसमें माता के नौ रूपों की झलक देखने को मिलेगी, वहीं इसके अंदर जाते ही उनके विश्व स्वरूप के दर्शन होंगे। 55वें पूजा उत्सव को खास बनाने और माता के विश्व स्वरूप को रंगीन लाइट्स से सुसज्जित करते हुए दर्शनार्थियों को विशेष माहौल दिया जाएगा। युवाओं की टीम को व्यवस्था की कमान दी गई है। श्रद्धालुओं को तय रूपरेखा के तहत प्रवेश देंगे।

### अक्षरधाम की तर्ज पर सज रहा पूजा स्थल

सार्वजनिक श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति माना कैम्प में 90 फीट ऊंचा पंडाल बनाने का सिलसिला अंतिम दौर में है। अनूप मंडल ने बताया कि 62वें वर्ष माता का आकर्षक श्रीधाम सिल्वर कलर बेस्ड होगा। कैम्प में प्रवेश करते ही लोगों को दिल्ली का अक्षरधाम सा माता का दिव्य पूजास्थल देखने को मिलेगा। चतुर्थी से पूजा और स्थापना का विधान शुरू किया जाएगा। पंचमी में ही माताजी विराजमान होंगी। कोलकाता और रायपुर क्रिएटिव आर्ट की टीम मिलकर आर्टिफिशियल फूलों और लाइट्स से सजाएंगे। दशहरा के बाद विसर्जन झांकी इस नवरात्रि में आकर्षण का केंद्र होगी। इसमें शिव-पार्वती और कालीमाता के वेश में आकर्षक झांकी कलाकार सजाएंगे। अघोरी व भगवान के गण और दूत विसर्जन यात्रा के दौरान लीलाओं का हिस्सा बनेंगे।

### माता के दरबार में होगा गरबा उत्सव

हनुमान मंदिर चौक के पास नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्णा बाघ के मार्गदर्शन में माता का पंडाल सजा है। इस बार पंडाल का स्वरूप बद्रीधाम की तरह अलौकिक है। इसमें माता की स्थापना के साथ ही स्थल सज्जा की जाएगी। इसमें माता की सौम्य स्वरूप प्रतिमा के साथ ही नौ कन्या भोज का दृश्य आकर्षण का केंद्र होगा। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भक्तिमय माहौल देने जसगीत गायन का सिलसिला चलेगा। आगे बताया कि 27 साल पहले क्षेत्र के लोगों ने श्रमदान कर माता का पंडाल बनाने के बाद स्थापना और पूजा का सिलसिला शुरू किया, जो अब बड़ा स्वरूप ले चुका है।

**महल जैसे स्वरूप में विराजेंगी माता** :बैरन बाजार क्षेत्र में श्रीश्री मां मंगला काली दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज नारवानी और कोषाध्यक्ष सूर्यप्रकाश शुक्ला ने बताया कि 25 साल पहले क्वांर नवरात्रि में माता की स्थापना के लिए पंडाल सजाया गया था। यह समिति का रजत जयंती वर्ष है। इस बार माता की प्रतिमा स्थापना के साथ ही माता के दरबार में गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। भजन-कीर्तन के साथ भक्तों ने भोग-प्रसादी के लिए तैयारी की है। पूजा स्थल की शुद्धता और ज्योत-जंवारा की देखभाल के लिए पंडा एवं बैगा को भी आमंत्रित किया है। नवरात्रि में माता की सेवा का नियम पंडित करेंगे। व्यवस्था का दायित्व भी तय किया गया है।

### दिनभर मिलेंगे कई शुभ मुहूर्त और दुर्लभ संयोग

इस बार शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होने के बाद 10 दिनों तक चलेगी। इसमें कई शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। इनमें गजलक्ष्मी योग और शुक्ल-ब्रह्म योग के साथ ही रवि योग भी शामिल हैं। मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर सोमवार को आएंगी और गुरुवार को प्रस्थान करेंगी। जो समृद्धि और शांति का प्रतीक है। तृतीया तिथि दो दिन पड़ने से नवरात्रि 10 दिनों की होगी, जो एक शुभ और दुर्लभ संयोग है। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि प्रतिपदा पर हस्त नक्षत्र प्रभावी होगा। घटस्थापना शारदीय नवरात्र की शुरुआत प्रतिपदा तिथि पर होगी। इस दिन सुबह से उत्तरा फाल्गुनी हस्त नक्षत्र है। प्रतिपदा 21 सितंबर की मध्यरात्रि 1.24 बजे से शुरू होने के बाद प्रतिपदा तिथि 22 सितंबर की मध्यरात्रि 2.55 बजे तक प्रभावी रहेगी।

#### इस समय कर सकते हैं घट स्थापना

**अमृत मुहूर्त** : सुबह 6.19 बजे से 7.49 बजे तक
**शुभ मुहूर्त** : सुबह 9.14 बजे से 10.49 बजे तक
**अभिजीत मुहूर्त** : सुबह 11.36 से 12.24 तक
**हस्त नक्षत्र** : सुबह 11.23 बजे के बाद प्रभावी

### हिंद युग्म महोत्सव : संवाद, सिनेमा और संगीत से सराबोर रहा दूसरा दिन

# फैसल मलिक ने सुनाए फिल्मी दुनिया के किस्से, लेखक सिंगर राहगीर की दिलकश आवाज ने बांधा समां

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में चौथा हिंदी उत्सव युग्म समारोह के अंतिम दिन रविवार को बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी पहुंचे। दिनभर चले कार्यक्रम में पंचायत वेब सीरीज के प्रहलाद चा फैसल मलिक व लेखक-गायक राहगीर ने अपनी दिलकश आवाजों के साथ अपनी गीत कविताओं से भी लोगों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में फैसल ने अपने अभिनय कॅरियर से जुड़े अनुभव साझा किए। प्रहलाद चा आएंगे नहीं मंच में...कुछ इस अंदाज में फैसल मलिक स्टेज की ओर बढ़े और दर्शकों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। गांव-देहात पर चर्चा करते हुए सबसे पहले उनके गांव के बारे में पूछा गया कि उन्होंने बताया कि मेरा गांव मछली शहर है, जहां मुझे सबसे बदमाश बच्चे के रूप में देखा जाता है। पापा पूछते कि 15 घंटे एक ही जगह बैठकर क्या बात करते हो और ये रात के 3 बजे तक तुम लोगों की कौन-सी चर्चा चलती है? किसकी सरकार गिरानी है? कुछ इस तरीके से हमारे दोस्त गांव में जाने जाते कि ये तो पूरे नकारा हैं, इनसे दूर रहो।

### अरे राहगीर, ये तुम कौन से तारे पर चढ़ गए...

हबीब तनवीर की थियेटर टीम से जुड़ीं पूनम विराट और उनकी टीम ने लोकगीतों की प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। विशेषकर जब उन्होंने "चोला माटी के हे राम" गाते हुए अपने बेटे को याद किया और कहा कि भले ही वो इस दुनिया में नहीं है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बेटा और बेटियां मेरे परिवार हैं। पूरे गीत के दौरान उनके आंसू नहीं थमे और कार्यक्रम के अंत में बैठे दर्शक खड़े होकर तालियां बजाने लगे, जिससे पूरा हॉल गूंज उठा। युवाओं के प्रिय गायक-लेखक राहगीर ने "अरे राहगीर, ये तुम किस गाड़ी पे चढ़ गए", "कच्छा घड़ा" और "मेरे गांव आओगे" जैसे गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने घर और मां-पिता के संबंधों को जोड़ते कार्यक्रम में समां बांध दिया। पहले गाने में अभी पतझड़ नहीं आया, अभी से पत्ते झड़ गए, अरे राहगीर, ये तुम कौन-से तारे पर चढ़ गए.. कुछ इस अंदाज में गानो की प्रस्तुति हुई।

### गांव में बदमाश की नजर से देखा जाता हूं

अभी भी जब गांव जाता हूं तो बदमाश के नजर से देखा जाता है। मुझे अच्छा लगता है कि पुरानी यादें वैसी ही हैं, क्योंकि उन दिनों सब स्पोर्ट्स खेलना था, लेकिन अच्छा नहीं खेलना है। पूरे गांव को पता है कि बस चर्चा करते सब खेलों के बारे में, जीतना एक भी नहीं है तो इस तरह गांव के लोग जानते हैं। अभिनय की दुनिया में इतना काम करने के बाद गांव जाता तो दोस्त चिढ़ाते, बोलते, टीवी में मत आया कर, बच्चे डर जाते हैं और हम सब हंसने लगते। एक और बात, हम लोग के ग्रुप में 55 से ज्यादा किसी के नंबर 75 आ गए तो पूछते थे कि इतना कब पढ़ लिए भाई! ताकि अगली बार से भूल जाएं इतना नंबर लाने के लिए।
मुंबई की बात करूं तो वो एक मैजिक शहर है, वहां संघर्ष करना ही चाहिए। पिक्चर की दुनिया इतनी मजेदार है कि वापस लौटने का मन नहीं करता। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज, प्यार की बात पर कहते, पॉडकास्ट का सवाल मत करो, बीवी से मार खिलवाया है और दर्शक हंसने लगते हैं। साहित्य लेखन पर कहते, हाथ लिखा हुआ याद रहता है, मैंने जितना लिखा है, वो अभी भी मुझे याद है। कहा, ऐसी राइटिंग नहीं करनी चाहिए कि एआई से छाप लिए।







मोस्ट कैरेजियस बिल्डर अवार्ड से सम्मानित जोरा मॉल के एमडी विजय झंवर।


मोस्ट ट्रस्टेड बिल्डर अवार्ड से सम्मानित अविनाश ग्रुप के एमडी आनंद सिंघानिया।


मार्डन लिविंग बिल्डर अवार्ड से सम्मानित आनंदनम वर्ल्ड सिटी के एमडी राकेश सरावगी।


मोस्ट आईकॉनिक बिल्डर अवार्ड से सम्मानित आरसीपी इन्फ्राटेक के एमडी राकेश पांडे।


मोस्ट विजनरी बिल्डर अवार्ड से सम्मानित फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट के एमडी महेश वाधवानी।


रियल स्पेस के एमडी रमेश अग्रवाल का सम्मान।


रहेजा ग्रुप के एमडी संजय रहेजा


सा.बा. इन्फ्रावेन्चर के एमडी संजय बघेल।


अष्टविनायक रियलिटीस के डायरेक्टर संतोष लोहाना।


अष्टविनायक रियलिटीस के डायरेक्टर मनीष तलरेजा।


एमएम फन सिटी के एमडी राजेश थौरानी।


माहेश्वरी पब्लिसिटी के डायरेक्टर पंकज टावरी।

### आईएनएच न्यूज और हरिभूमि के संयुक्त तत्वावधान में 'सृजन-संवाद रियल स्टेट कॉनक्लेव-2025'

# सृजन संवाद में नवाचार और विकास के विचारों का संगम

*रायपुर।* शनिवार को होटल सयाजी में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के विशेष कार्यक्रम 'सृजन संवाद' में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, रियल एस्टेट के दिग्गज डेवलपर एकत्र हुए। संवाद में छत्तीसगढ़ के विकास, रियल एस्टेट में हो रहे नवाचार और भविष्य को लेकर खुली चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और वर्तमान तथा भविष्य की चुनौतियों, सफलताओं पर विस्तार से बात की। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और संपादक समन्वयक ब्रह्मवीर सिंह ने संवाद के माध्यम से चुनौतियों और छत्तीसगढ़ के विकास पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में रियल एस्टेट क्षेत्र में नवाचार, भरोसा कायम करने और उत्कृष्टता दिखाने वाले डेवलपर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने संवाद के माध्यम से समाधान की राह दिखाई। कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत सिंह साहेब, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू और महापौर मीनल चौबे ने अपने विचार रखे।



एसआरवी सोलर के सदस्यों का सम्मान।


रीजनल सेल्स मैनेजर शितेन्द्र शहारन अदाणी अबुंजा सीमेंट का सम्मान।


आधारशिला बिल्डर्स प्रा.लि. बिलासपुर के अजय श्रीवास्तव।


पंजाब नेशनल बैंक के जोनल हेड आशीष चतुर्वेदी।


रामा ग्रुप से सेल्स जीएम अमनदीप सिंह।


चैतन्य ग्रीन के एमडी अशोक खूबचंदानी।

# आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रशिक्षण, क्लास में महिलाओं ने सीखा हुनर




**रायपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई महिला समूहों के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में रविवार को सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट दिया गया। आर्ना फाउंडेशन के तत्वावधान में बीते समय 170 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया। इससे महिलाएं स्वाबलंबी बनने की ओर अग्रसर हो रही है।

यह प्रशिक्षण दीपिका साहू ने आर्ना फाउंडेशन की संस्थापिका रुना शर्मा के मार्गदर्शन में दिया। उन्होंने बताया कि कई सालों से महिलाओं को आर्थिक खुशहाली से जोड़ने के लिए संस्था द्वारा प्रयास किया जा रहा है। आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने में गृहणियों की रुचि बढ़ रही है। इसे देखते हुए संस्था ने पहल करते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास शुरू किया।

## इनके हाथों से महिलाओं को मिला सर्टिफिकेट

महिलाओं को ब्यूटी ट्रेनिंग, सिलाई, कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण कराया जाता हैं। बेसिक एवं एडवांस अलग-अलग प्रकार से प्रशिक्षण दिया जाता हैं। आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने वाली महिलाओं को सर्टिफिकेट देने के लिए मिसेज गोल्ड ब्यूटी आईकॉन इंडिया निवृति एवं नम्रता गुगलानी, सुनीता प्रधान, डायरेक्टर रुना शर्मा मौजूद थीं। सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र देने के बाद प्रशिक्षण शिविर से जुड़े अनुभव को भी साझा किया। सभी ने बताया कि कुछ नया सीखने और करने के लिए मन में दृढ़ विश्वास के साथ प्रयास करने से घर बैठे आय का नया जरिया मिलने की खुशी है।


































# बिल्डर्स को उनकी उपलब्धियों पर मिला सम्मान, रियल एस्टेट कॉन्क्लेव में दिखा उत्साह

रायपुर। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज द्वारा आयोजित सृजन संवाद रियल एस्टेट कॉन्क्लेव में राजधानी के दिग्गज बिल्डर्स ने भाग लिया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, महापौर मीनल चौबे और विधायक मोतीलाल साहू ने उन्हें सम्मानित किया।


हरिभूमि-आईएनएच न्यूज से अनिर्बन गुप्ता।


एटी बिल्डकॉन से शांति बड़रिया।


सृजन संवाद में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब।


ऋषभ बिल्डर्स से प्रितेश कटारिया।


प्रॉपर्टी सलेक्ट से श्रीमति ममता चावड़ा।


सृजन संवाद में हरिभूमि के संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, महाप्रबंधक अनिल गहलावत, आईटी हेड संजीव धीमान एवं अकाउंट हेड अनिर्बन गुप्ता।


कार्यक्रम के आउटडोर पार्टनर मां एड एजेंसी से नीरज शर्मा।


सुमित इन्फ्राकॉन ग्रुप से अशोक कांकरिया एवं नमित कांकरिया।


वीजीआर ग्रुप से ऋत्विक नत्थानी।


शूरवीर टीएमटी से पटनायक जी।


हरिभूमि के असिस्टेंट मार्केटिंग मैनेजर आनंद मिश्रा।


अनुष्का रियलिटीज से अंकुर अरोरा, महापौर मीनल चौबे।


सृजन संवाद रियल स्टेट कॉन्क्लेव-2025 के सफल आयोजन के बाद टीम हरिभूमि।


रजत बिल्डर्स से मृणाल गोलछा।


के.के. नायक एवं अतुल पब्लिसिटी के डायरेक्टर अतुल जैन।


सृजन संवाद रियल स्टेट कॉन्क्लेव-2025 में रायपुर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।


सृजन संवाद रियल स्टेट कॉन्क्लेव-2025 में रायपुर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।


हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज के सदस्यों के साथ खन्ना एडवरटाइजर्स के राहुल खन्ना।


सृजन संवाद रियल स्टेट कॉन्क्लेव-2025 में आईएनएच न्यूज के संपादक राजेश लाहोटी, नेशनल ब्यूरो हेड शैलेश पांडे, आउटपुट हेड धीरज मिश्रा एवं अमित वर्मा।